**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding modernization of Thane Railway Station in Maharashtra.

**श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय उठाने की अनुमति दी है । महोदय, ठाणे रेलवे स्टेशन एक ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन है । यहां से देश की पहली रेल दिनांक 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे के बीच चली थी । यह स्टेशन करीब 266 साल पुराना है । यहां पर प्रतिदिन करीब आठ लाख से ज्यादा यात्री आना-जाना करते हैं एवं सुबह-शाम के दौरान यात्रियों की भीड़ ज्यादा रहती है । करीब पांच महीने पहले दिनांक 30 जून, 2019 को मैंने प्रत्यक्ष रूप से स्टेशन का दौरा किया था तो मुझे पता चला कि वर्तमान समय में इस स्टेशन की इमारत करीब पचास साल पुरानी होने के कारण जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है । इमारत में कई जगहों पर दरारें भी आ चुकी हैं, जिससे इमारत कभी भी गिर सकती है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से विनती करता हूं कि ठाणे रेलवे स्टेशन की पुरानी जर्जर इमारत को गिराकर उसकी जगह पर एक नई आधुनिक इमारत जिसमें कार्यालय, प्रतीक्षा कक्ष एवं म्यूजियम रूम भी बनाने के लिए संबंधित विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश देने की कृपा करें ।